# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
TUESDAY, DECEMBER 27, 2022

# Subhasish Panda is new vice-chairman of DDA

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Subhasish Panda, an IAS officer of Himachal Pradesh cadre was appointed as the new vice chairman of Delhi Development Authority (DDA) on Monday, the main land owning and planning agency for the capital.


Subhasish Panda

Panda is currently a principal secretary in the state government and was earlier the deputy director in-charge of administration at AIIMS in Delhi.

The 1997 batch officer will replace Manish Kumar Gupta.

Panda takes charge at a time when the DDA is working to finalise the Delhi Master Plan 2041 and has also taken up the ambitious task of in-situ development of houses for slum dwellers "Jahan Jhuggi Wahin Makan".

The Centre also appointed Santosh Kumar Yadav, an IAS of Uttar Pradesh cadre, as the new chairman of National Highways Authority of India.

The 1995 batch officer is presently posted as additional secretary in the education ministry.

The central government designated Kerala cadre IAS of 1990 batch Ganji Kamala V Rao as new CEO of food safety regulator, FSSAI.

VSPAPERS---------------------- हिन्दुस्तान ATED--------

# संतोष यादव बने एनएचएआई प्रमुख

नई दिल्ली, एजेंसी। वरिष्ठ नौकरशाह संतोष कुमार यादव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का उपाध्यक्ष बनाया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कई अधिकारियों का पदभार बदला है।

उत्तर प्रदेश कैडर के 1995 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संतोष कुमार यादव वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। आदेश में कहा गया है कि उन्हें एनएचएआई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सुभाषिश पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। गंजी कमला वी राव मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में काम करेंगे।

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 27 दिसंबर, 2022

# सुभाशिष पांडा होंगे डीडीए के नए उपाध्यक्ष

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के वरिष्ठ आइएएस अधिकारी सुभाशिष पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का नया उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इस आशय के आदेश सोमवार को केंद्र सरकार के कार्मिक विभाग द्वारा जारी किए गए। पांडा डीडीए के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता की जगह लेंगे।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPER नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 27 दिसंबर 2022 ED

**मेरी कॉलोनी : दिल्ली : मेरा शहर**

# 'बिल्डरों का फर्ज़ीवाड़ा, प्रशासन की लापरवाही, क्यों गिरें लोगों के घर!'

■ राम त्रिपाठी, महरौली

**लड्डा सराय** रिजर्व फॉरेस्ट एरिया के करीब सात एकड़ इलाके में अवैध रूप से बनी संपत्तियां सरकारी लोकल एजेंसियों की लापरवाही का परिणाम माना जा रहा है। प्रभावित लोगों की शिकायत है कि डीडीए ने अपनी जमीन की कोई निशानदेही नहीं की हुई थी, इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। डीडीए अधिकारी भी मानते हैं कि फॉरेस्ट एरिया की जमीन की निशानदेही कराने में रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने देरी की। यह काम पिछले साल दिसंबर में पूरा हुआ है। जिन लोगों की संपत्तियों को गिराने के नोटिस चस्पा किए गए हैं, उन्होंने तीखी नाराजगी जताते हुए मामले की जांच की मांग की है। उनका कहना है, सारी जिंदगी मेहनत कर प्रॉपर्टी खरीदी है, इसे तोड़े जाने पर नुकसान की भरपाई कौन करेगा?

> लड्डा सराय फॉरेस्ट एरिया में अवैध संपत्ति ढहाने के नोटिस मिलने पर प्रभावित लोगों ने जताई नाराजगी

## रजिस्ट्री में धोखेबाजी

रजिस्ट्री कराने के दौरान लाल डोरा के एक बड़े खसरा के नंबर का इस्तेमाल किया था। आसपास की कोई निशानदेही भी नहीं बताई गई है। इससे पता ही नहीं लगता है कि महरौली के एड्रेस पर गांव लड्डा सराय के किस खसरा की रजिस्ट्री में यह जमीन दर्ज है।

## फर्ज़ीवाड़े की CBI जांच की मांग



"रजिस्ट्री के आधार पर लोगों ने घर लिया है। यह कोई अवैध कब्जा नहीं है। अगर गलत हो रहा था तो डीडीए ने उसी समय रोका क्यों नहीं? निर्दोष लोगों को बेघर न किया जाए, दोषियों को सजा मिले। – *ज्योति डंगवाल*



"फ्लैट खरीदने में सारी पूंजी लग गई है। लोकल एजेंसी की लापरवाही की मार हमें मिल रही है। दोषी बिल्डरों पर कार्रवाई हो। सैंकडों लोगों को बेघर होने से रोका जाए। – *तनु*



"महरौली में कई बिल्डर 1 रजिस्ट्री पर 50-50 मकान बेच रहे हैं। प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता। फर्जीवाड़े की सीबीआई जांच होनी चाहिए। – *सौरभ वशिष्ठ*

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------------------------------------DATED----------------------



# आवास अभी सपना, प्यास बुझने की टूटी उम्मीद, मेट्रो व ट्रेन ने भरी रफ्तार

## राजधानी ने आधारभूत ढांचा, मूलभूत सुविधाओं और परिवहन के मामले में कई मुकाम हासिल किए हैं, जबकि कई मामलों में अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी




**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** जल बोर्ड ने जल शोधन संयंत्रों में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर उसे अपग्रेड किया और भूजल से भी पानी आपूर्ति बढ़ाई। फिर भी पेयजल किल्लत दूर नहीं हुई। बल्कि गर्मी के मौसम में वजीराबाद बैराज के पास यमुना का जल स्तर 668 फीट से भी नीचे आ गया जो सामान्य स्तर (674.50 फीट) से बहुत कम था। इस वजह से गर्मी में पेयजल किल्लत बढ़ गई थी। राष्ट्रीय राजधानी की एक बड़ी आबादी के लिए आवास सपना ही रहा। बिजली पर सब्सिडी भी अब मांगने पर मिलती है। सार्वजनिक परिवहन की सुविधा के लिए भी लोग जूझते नजर आए। हालांकि, मेट्रो में कुछ सुविधाएं बढ़ीं और रेलवे ने भी ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई।

### मेट्रो का मजबूत हुआ नेटवर्क, रफ्तार भी बढ़ाई

**फेज चार की पहली सुरंग तैयार**

इस वर्ष मेट्रो ने कुछ मुकाम हासिल किया और कोरोना से पहले की तुलना में इस वर्ष के अंत तक मेट्रो में करीब 95 प्रतिशत यात्री सफर करने लगे हैं। फेज चार के निर्माणाधीन जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कारिडोर के लिए कृष्णा पार्क एक्सटेंशन से केशोपुर के बीच 19 नवंबर को मेट्रो ने सुरंग बनाने का काम पूरा कर लिया। 1.4 किलोमीटर लंबी यह फेज चार की पहली सुरंग है, इसके निर्माण में करीब 19 माह समय लगा।


**ग्रे लाइन पर मेट्रो की गति बढ़ी**

द्वारका से ढांसा बस स्टैंड के बीच पहले मेट्रो धीमी रफ्तार में चलती थी। क्योंकि ढांसा बस स्टैंड मेट्रो स्टेशन के आगे तक कारिडोर नहीं बना था कि स्टेशन से आगे जाकर ट्रेन वापस लौट सके। यह कार्य पिछले माह पूरा होने पर ग्रेन लाइन मेट्रो की गति बढ़ने से सामान्य हो गई। वहीं एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर मेट्रो ट्रेन की गति बढ़ाने के लिए ट्रायल शुरू हुआ।

**मेट्रो का पहला इंटरचेंज हाल्ट स्टेशन हुआ शुरू**

पंजाबी बाग में ग्रीन लाइन (बहादुरगढ़-इंद्रलोक-कीर्ति नगर) पर दिल्ली मेट्रो का पहला हाल्ट इंटरचेंज स्टेशन तैयार हुआ। यह स्टेशन पिंक लाइन (मजलिस पार्क-शिव विहार) के पंजाबी बाग पश्चिम मेट्रो स्टेशन के साथ इंटरचेंज स्टेशन है। इससे पंजाबी बाग में ग्रीन लाइन व पिंक लाइन के बीच मेट्रो बदलने की सुविधा इस वर्ष शुरू हुई।






### स्काई वाक हुआ शुरू

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 242 मीटर लंबे स्काई वाक का निर्माण पूरा किया जो चार मार्च को यात्रियों के लिए खोल दिया गया। इस स्काई वाक के माध्यम से रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व बहुमंजिला पार्किंग एक साथ जुड़ गए हैं। इससे यात्रियों का आवागमन आसान हुआ।

**31** इलेक्ट्रिक मेट्रो फीडर बसें सड़क पर उतरीं

**56** हो गई है अब इलेक्ट्रिक मेट्रो फीडर बसों की संख्या

### मेट्रो से संबंधित बड़ी घटनाएं

**25 दिसंबर-** मजेंटा लाइन के जसोला विहार शाहीन बाग स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर ड्रोन गिरा। मेट्रो में इस तरह की यह पहली घटना है।

**12 सितंबर-** यलो लाइन पर घिटोरनी स्टेशन के पास मेट्रो अपने ट्रैक से रास्ता भटक गई थी। इस वजह से साढ़े चार घंटे परिचालन प्रभावित रहा था।

**17 मार्च-** पिंक लाइन, ग्रीन लाइन व वायलेट लाइन के सिग्नल सिस्टम के साफ्टवेयर में खराबी आने से एक साथ इन तीनों कारिडोर पर सुबह व्यस्त समय में तीन घंटे परिचालन प्रभावित रहा।

**12 मई से 21 जून-** इस दौरान विभिन्न मेट्रो कारिडोर पर परिचालन प्रभावित होने की 10 घटनाएं हुईं। जिसमें से छह घटनाएं जून के शुरुआती तीन सप्ताह में हुईं। इस पर दिल्ली सरकार ने डीएमआरसी से रिपोर्ट तलब की थी।

### रेलवे ने शुरू किया मिशन रफ्तार

कोरोना के बाद इस वर्ष ट्रेनों की आवाजाही सामान्य हुई। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनाने की योजना को वन विभाग से मंजूरी मिलने के साथ ही टेंडर आवंटन की प्रक्रिया आगे बढ़ी। साथ ही मिशन रफ्तार और संरक्षा कार्य को भी गति मिली है। दिल्ली मंडल पूरी तरह से विद्युतीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने वाला उत्तर रेलवे का पहला मंडल बन गया है। उत्तर रेलवे के अलग-अलग रेल खंड पर ट्रेनों की गति बढ़ाई गई।

**50.53** किलोमीटर प्रति घंटे हो गई है, अंबाला रेलमार्ग से होकर चलने वाली शताब्दी ट्रेनों सहित 34 ट्रेनों और नई दिल्ली-पलवल रेलमार्ग पर चलने वाली 76 ट्रेनों की, जो पहले औसतन 46 किलोमीटर प्रति घंटे थी

**34.76** किलोमीटर प्रति घंटे हो गई है इन मार्गों पर पैसेंजर ट्रेनों की गति, जो पहले औसतन 31.97 थी

**20** किलोमीटर दूर से मोबाइल एप पर टिकट बुक कराने की सुविधा शुरू हुई, यह पहले पांच किमी थी



### आवास का रहा ऐसा हाल

**3800** फ्लैट की बिक्री के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कुछ माह पहले विशेष आवासीय योजना पहले आओ, पहले पाओ हले की थी। इसमें नरेला में बने ईडब्ल्यूएस और एलआइजी श्रेणी के फ्लैट शामिल थे

**2200** फ्लैट ही अब तक इसमें बिक पाए हैं। जहां झुग्गी वहां मकान योजना को तहत डीडीए सालों से काम ही कर रहा था इस वर्ष कालकाजी में आवंटन शुरू हुआ और कुछ लोगों को घर की चाबी दी गई।

**2041** का मास्टर प्लान डीडीए इस वर्ष भी जारी नहीं कर सका।

**24** लाख आवास की जरूरत मास्टर प्लान 2021 के तहत दिल्ली में थी, जो पूरी नहीं हुई।




**500** नई बसें हुईं शामिल

**250** इलेक्ट्रिक बसें इसमें शामिल हैं

**7,320** के करीब पहुंच गया है अब डीटीसी व कलस्टर बसों का बेड़ा

**2,000** इलेक्ट्रिक बसें खरीदने की प्रक्रिया और शुरू हो गई है

### आइजीआइ बना दुनिया का सातवां सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट

आइजीआइ एयरपोर्ट पर कई वर्षों से बंद पड़े सबसे पुराने रनवे को इस वर्ष विमानों की आवाजाही के लिए खोल दिया गया। इस रनवे का निर्माण ब्रिटिश काल में किया गया था। टर्मिनल-1 के नए आगमन टर्मिनल को इस वर्ष शुरू किया गया। एयरपोर्ट पर यात्रियों की आवाजाही भी पिछले वर्ष की तुलना में काफी बढ़ी। इससे आइजीआइ एयरपोर्ट दिसंबर माह में दुनिया का सातवां सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट बन गया। इस मामले पहले स्थान पर अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट है। दिल्ली से दुबई जाने वाले मार्ग को दुनिया के शीर्ष 10 व्यस्त वायु मार्ग में शामिल किया गया। इसमें पहले स्थान पर काहिरा से जेद्दाह मार्ग है।



**तकनीकी खामियों से हुई इमरजेंसी लैंडिंग :** इस वर्ष आइजीआइ एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले कई विमानों की अलग अलग जगहों पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। नई दिल्ली से दुबई जा रहे विमान की तो पाकिस्तान के करांची में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसी तरह बैंकाक से दिल्ली पहुंचे विमान को इमरजेंसी लैंडिंग करना पड़ा। पटना से दिल्ली जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस लौट आया। वर्षा के कारण टर्मिनल-3 पर पानी भरने से सात विमानों को डायवर्ट करना पड़ा था।

### बुनियादी ढांचे की मजबूती की तरफ बढ़ाए कदम, छह बड़ी परियोजनाओं पर चल रहा है काम

**प्रगति मैदान सुरंग सड़क :** प्रगति मैदान सुरंग सड़क के रूप में बड़ी परियोजना पूरी हुई। 19 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे जनता को समर्पित किया। सवा किमी लंबी इस सुरंग सड़क की परियोजना पूरी होने से इंडिया गेट की ओर से रिंग रोड पर आना-जाना आसान हो गया। कोरोना के चलते दो साल तक ठप रहे ढांचागत विकास को गति मिली। लोनिवि ने छह बड़ी परियोजनाएं शुरू की हैं।



प्रगति मैदान स्थित सुरंग सड़क • जागरण आर्काइव

**दो जगह काम जारी**

प्रगति मैदान के पास भैरो मार्ग से रिंग रोड पर जाने के लिए अंडरपास को बनाने का काम चल रहा है। आश्रम एक्सटेंशन फ्लाईओवर का भी काम चल रहा है। ये दोनों परियोजनाएं फरवरी तक पूरी करने का लक्ष्य है।

**ये परियोजनाएं देंगी जाम से राहत**

- अप्सरा बार्डर से आनंद विहार सिग्नल फ्री परियोजना के तहत डेढ़ किमी का फ्लाईओवर बनेगा। 10 अक्टूबर को शिलान्यास हुआ।
- सराय काले खां फ्लाईओवर, शहीद मंगल पांडेय मार्ग सिग्नल फ्री परियोजना। चार सितंबर को इसका शिलान्यास किया गया।
- रिंग रोड को धौलाकुआं से पंजाबीबाग तक सिग्नल फ्री परियोजना। 29 सितंबर को इसका शिलान्यास किया गया।
- जीटी रोड पर आजादपुर से रानी झांसी चौक तक दो किमी लंबा एलिवेटेड रोड बनेगा।
- मुकरबा चौक व हैदरपुर मेट्रो रोड को जाममुक्त बनाने के लिए तीन अंडरपास का 27 सितंबर को शिलान्यास किया जा चुका है।
- शहीद मंगल पांडेय मार्ग सिग्नल फ्री परियोजना के पहले चरण पर डीएमआरसी काम कर रहा है। दूसरे चरण के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर जारी कर दिए हैं।

### उत्तर प्रदेश और हिमाचल से टूटी पानी मिलने की उम्मीद

दिल्ली जल बोर्ड ने दिसंबर 2019 में हिमाचल प्रदेश से एक समझौता किया था। इसके तहत हिमाचल प्रदेश ताजेवाला बांध से दिल्ली को हर साल नवंबर से फरवरी के बीच 198 एमजीडी और मार्च से जून के बीच 144 एमजीडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने पर सहमत हुआ था। इसके अलावा उत्तर प्रदेश का सिंचाई व जल संसाधन विभाग दिल्ली जल बोर्ड को गंगा का 140 एमजीडी अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने पर सहमत हुआ था। बदले में दिल्ली जल बोर्ड ने उत्तर प्रदेश को 140 एमजीडी सीवरेज का उपचारित जल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था। इस वर्ष यह बात सामने आई कि दोनों रज्यों ने दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने से मना कर दिया है।

### 40.52 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने बिजली सब्सिडी के लिए किया आवेदन

इस वर्ष 29 जून को बिजली की अधिकतम मांग 7695 मेगावाट पहुंच गई। यह अबतक का रिकार्ड है। बिजली उपभोक्ताओं को लेकर सबसे बड़ा फैसला वैकल्पिक बिजली सब्सिडी का लिया गया। एक अक्टूबर से सिर्फ मांगने पर भी उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट दी जा रही है। अबतक 40 .52 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं ने सब्सिडी के लिए आवेदन किया है। बिजली उत्पादन संयंत्रों से बिजली आवंटन और बकाया बिल को लेकर विवाद भी पूरे वर्ष चलता रहा। साथ ही बिजली खरीद समायोजन शुल्क (पीएसी) बढ़ाने को लेकर शुरू हुई राजनीति व नगर निगम चुनाव के कारण इस वर्ष अभी तक बिजली की नई दरें घोषित नहीं हो सकी हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग की समस्या हल करने के लिए निजी चार्जिंग स्टेशन बनने लगे हैं। दक्षिणी दिल्ली व पूर्वी दिल्ली में इस तरह के दो चार्जिंग स्टेशन बनाकर इसकी शुरुआत की गई। बीएसईएस व टीपीडीडीएल ने इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन, ई-आटो, ई-रिक्शा के लिए बैटरी स्वैपिंग की सुविधा शुरू की।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

the pioneer
NEW DELHI | TUESDAY | DECEMBER 27, 2022

# Santosh Yadav named NHAI chairperson

PNS ■ NEW DELHI

Santosh Kumar Yadav, a 1995-batch Indian Administrative Service (IAS) officer of the Uttar Pradesh cadre, was on Monday appointed as chairman of National Highways Authority of India (NHAI) while Subhasish Panda, a 1997-batch IAS officer of the Himachal Pradesh cadre, has been appointed as Delhi Development Authority (DDA) vice chairman.

Ganji Kamala V Rao has been named Chief Executive Officer, Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI), Ministry of Health and Family Welfare.

Rao, a 1990-batch IAS officer of the Kerala cadre, is currenty the managing director of the India Tourism Development Corporation Ltd.

राष्ट्रीय सहारा नई दिल्ली। मंगलवार • 27 दिसम्बर • 2022

# संतोष कुमार यादव एनएचएआई के चेयरमैन नियुक्त



नई दिल्ली। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संतोष कुमार यादव को सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का चेयरमैन नियुक्त किया गया। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के आदेश के अनुसार, 1995 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी यादव फिलहाल शिक्षा विभाग में स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग में सचिव हैं। उन्हें एनएचएआई का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार, हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी शुभाशीष पांडा को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

पंजाब केसरी DELHI ▸ 27 दिसम्बर, 2022 ▸ मंगलवार

# डीडीए के नये वीसी बने सुभाशीष पांडा

नई दिल्ली,(पंजाब केसरी) : दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) में सोमवार को बड़ा फेरबदल हुआ। डीडीए के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अब सुभाशीष पांडा संभालेंगे। हिमाचल प्रदेश कैडर के 1997 बैच के आईएएस अधिकारी सुभाशीष पांडा को डीडीए का वीसी नियुक्ति किया गया है। इस संबंध में कार्मिक मंत्रालय ने आदेश जारी कर दिया। यहां बता दें कि दिल्ली में लागू होने वाले मास्टर प्लान 2041 के संबंध में डीडीए के नवनियुक्त वीसी सुभाशीष पांडा की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होने वाली है। क्योंकि दिल्ली के एलजी व डीडीए के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना कई मौकों पर कह चुके हैं कि दिल्ली मास्टर प्लान 2041 में रात्रकालील अर्थव्यवस्था (नाइट इकोनॉमी) और झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। ऐसे में नये डीडीए वीसी पर इस दिशा में तेजी से काम करने की जिम्मेदारी होगी।